# कक्षा - नौ
# कार्य पत्रिका
# उपसर्ग-प्रत्यय, समास, वाक्य (अर्थ के आधार पर)

प्रश्न-निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

प्रश्न 1: 'अ' उपसर्ग किस शब्द में प्रयुक्त हुआ है ?

क) अनाचार
ख) अनुराग
ग) अधर्म

प्रश्न 2: स्वाधीन 'शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द बताइए ?

क) आधीन
ख) अधिन
ग) अधीन

प्रश्न 3: दो उपसर्गो से निर्मित शब्दहै -

क) अनदेखा
ख) असुरक्षित
ग) निरपराध

प्रश्न 4: वह शब्द चुनिए जिसमें 'परा' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ।

क) पराग
ख) पराजय
ग) पराक्रम

प्रश्न 5: 'निर् +आकार 'शब्द के योग से बना शब्द चुनिए ।

क) निराधार
ख) निराकार
ग) निराहार

प्रश्न 6: 'आवश्यकता' शब्द किस मूल शब्द और प्रत्यय के मेल से बना है।

क) अवश्य +ता
ख) अवश्य +अक, ता
ग) अवश्य +कता

प्रश्न 7: ' इक' प्रत्यय के योग से बना शब्द चुनिए।

क) धार्मिक
ख) धर्मिक
ग) धार्मीक

प्रश्न 8: 'भारतीय ' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

क) इय
ख) तीय
ग) ईय

प्रश्न 9: 'पढ़ाई ' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द चुनिए ।

क) पढ़ा
ख) पढ़
ग) पढ़ना

प्रश्न 10: वह शब्द चुनिए जिसमें 'एरा ' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ।

क) लुटेरा
ख) ममेरा
ग) सुनहरा

प्रश्न 11: 'इतिहास'शब्द में 'इक' प्रत्यय जोड़कर कौन सा सही शब्द होगा?

क) इतिहासिक
ख) ऐतिहासिक
ग) एतिहासिक

प्रश्न 12: 'अत्याचार' शब्द में उचित उपसर्ग व मूल शब्द कौन सा है?

क) अत्या + चार
ख) अति +अचार
ग) अति + आचार

प्रश्न 13: 'अभिमानी' शब्द में मूल शब्द कौन सा है?

क) मान
ख) अभिमान
ग) भिमानी

प्रश्न 14:  'पियक्कड़' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय शब्द है ?

क) कड़
ख) अक्कड़
ग) यक्कड़

प्रश्न 15: ' नि' उपसर्ग से बना शब्द कौन- सा है?

क) निडर
ख) निर्बल
ग) निष्फल

प्रश्न 16: 'अधजला' में  मूल शब्द कौन सा है?

क) अध
ख) ज
ग) जला

प्रश्न 17: इनमें से कौन -सा शब्द ' निष्' उपसर्ग से नहीं बना है?

क) निराश
ख) निष्काम
ग) निष्फल

प्रश्न 18: 'अधिगम' शब्द में कौन- सा उपसर्ग है?

क) अ
ख) आई
ग) अधि

प्रश्न 19: 'घबराहट' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

क) आहट
ख) राहट
ग) हट

प्रश्न 20: ' मार्मिकता' शब्द में कौन-कौन से दो प्रत्यय प्रयुक्त हैं?

क) रिक+ता
ख) इक+ता
ग) मिक+ता

# समास

प्रश्न-निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

प्रश्न 1: निम्नलीखित समस्तपदों में से कर्मधार्य समास का उदाहरण चुनिए -
क) पंचानन
ख) नीलगगन
ग) प्रत्यक्ष
घ) मदांध

प्रश्न 2: 'घोड़े पर सवार ' का समस्त पद होगा -
क) घोड़ासवार
ख) घुड़सवार
ग) घोड़ेसवार

प्रश्न 3: ' राम और लक्ष्मण ' का समस्त पद है -
क) लक्ष्मणराज
ख) राम का भाई लक्ष्मण
ग) राम लक्ष्मण

प्रश्न 4: ' नवरत्न ' समस्त पद का सही समास विग्रह होगा -
क) नौ रत्नों का समूह
ख) नया रत्न बनाने वाला
ग) नया है जो रत्न

प्रश्न 5: ' भरपूर ' समस्त पद का सामासिक विग्रह है -
क) भरा हुआ है जो ( कर्मधार्य समास )
ख) भरने वाला (बहुव्रीहि समास)
ग) पूरी तरह भरा हुआ ( अव्ययीभाव समास )

प्रश्न -6 ' यज्ञशाला' शब्द में कौन सा समास है?

क) तत्पुरुष

ख) कर्मधारय

ग) बहुव्रीहि

प्रश्न -7 जिस समास  का पहला पद संख्यावाची हो, उसे क्या कहते हैं?

क) अव्ययीभाव समास

ख) द्विगु समास

ग) तत्पुरुष समास

प्रश्न -8 'जीवन भर' किस समस्त पद का विग्रह है ?

क) अजन्मा

ख) आमरण

ग) आजीवन

प्रश्न-9 'पंचतंत्र' किस समास का एक उदाहरण है?

क) द्वंद्व

ख) कर्मधारय

ग) द्विगु

प्रश्न-10 'तुलसीकृत' का सही समास व समास विग्रह क्या होगा?

क) तुलसी द्वारा रचित- तत्पुरुष समास

ख) तुलसी के लिए रचित -तत्पुरुष समास

ग) तुलसी में रचित -तत्पुरुष समास

प्रश्न-11 किस समास में दोनों पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान होता है?

क) द्विगु समास

ख) बहुव्रीहि समास

ग) अव्ययीभाव समास

प्रश्न-12 'अष्टाध्यायी'समस्त पद का विग्रह होगा

क) आठ अध्यायों का समूह

ख) आठ अध्याय के लिए एक समूह

ग) जिसमें हैं आठ अध्याय

प्रश्न- 13 'शक्ति के अनुसार' का सामासिक पद क्या होगा?

क) शक्तिशाली
ख) बेशक्ति
ग) यथाशक्ति

प्रश्न-14 जिस समास में पहला पद अव्यय हो, उसे क्या कहते हैं?

क) कर्मधारय समास
ख) तत्पुरुष समास
ग) अव्ययीभाव समास

प्रश्न-15 निम्नलिखित कहानी को कोष्ठक में दिए गए विग्रह के समस्त पदों की सहायता से पूर्ण कीजिए। किसी शहर के एक घर में (क)............(रात ही रात में) चोरी हो गई ।सारे शहर में हंगामा मच गया ।सबने मिलकर पुलिस को बुलाया ।पुलिस ने पूछ-ताछ की और उन्हें मालूम पड़ा कि चोर.( ख)...........( घोड़े पर सवार )था ।कुछ पुलिस कर्मचारियों को चोर को पकड़े जाने के लिए भेजा गया ।वह चोर (.ग).............(पथ से भ्रष्ट) हो गया था परंतु उस दिन वह पकड़ा गया। पुलिस ने उसे .(घ)...............(हाथ के लिए कड़ी) पहना दी ।उसे एक साल जेल में रहना पड़ा। जेल से छूटने के बाद उसके स्वभाव में परिवर्तन आया और वह (डं) ...............(.धर्म में वीर) बन गया

प्रश्न-16 'प्रधान है जो अध्यापक' का समस्त पद है-

क) प्रधानाध्यापक
ख) प्रधानाध्यपक
ग) प्रधानध्यापक

प्रश्न-17 'धर्म और अधर्म'का समस्त पद है-

क) धर्माधर्म
ख) धर्मांध
ग) धर्म -अधर्म

प्रश्न-18 'महादेव' समस्त पद का विग्रह होगा-

क) महान और देव
ख) महान है जो देव
ग) देव के लिए महान

प्रश्न-19 किस समास का पूर्व पद विशेषण का कार्य करता है ?

क) बहुव्रीहि समास
ख) अव्ययीभाव समास
ग) कर्मधारय समास

प्रश्न-20 तीन फलों का समाहार का समस्त पद क्या होगा ?

क) त्रिफला

ख) त्रीफला

ग) त्तिरफला

# वाक्य (अर्थ के आधार पर)

प्रश्न-निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

प्रश्न 1: वाक्य किसे कहते हैं ?

क) ध्वनियों के सार्थक समूह को
ख) शब्दों के सार्थक समूह को

प्रश्न २: अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

क) तीन
ख) सात
ग) आठ

प्रश्न 3: निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य-भेद अर्थ के आधार पर नहीं है?

क) संकेतवाचक
ख) संयुक्त वाक्य
ग) संदेहवाचक

प्रश्न 4: 'भगवान आपको सदा सुखी रखे' वाक्य किस भेद से संबंधित है?

क) विधानवाचक
ख) आज्ञावाचक
ग) इच्छावाचक

प्रश्न 5: मुझे खेलना बहुत पसंद है-' वाक्य किस भेद से संबंधित है?

क) इच्छावाचक
ख) विधानवाचक
ग) आज्ञावाचक

प्रश्न 6: ओह! वाह! आदि शब्द वाक्य के किस भेद के अंतर्गत आते हैं ?

क) प्रश्नवाचक

ख) विस्मयादिवाचक
ग) आज्ञावाचक वाक्य

प्रश्न 7: मेघा! रोटी बनाओ - अर्थ के आधार पर , वाक्य है –

क) आज्ञावाचक वाक्य
ख) विस्मयादिवाचक
ग) प्रश्नवाचक

प्रश्न 8: निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सी बात सही है?

क) वाक्य रचना पदों या शब्दों के योग से होती है
ख) वाक्य रचना पदों या शब्दों के योग से नहीं होती है
ग) दोनों वाक्य गलत है

प्रश्न 9: कौन सा वाक्य संकेतवाचक है?

क) व्यायाम के कारण वह स्वस्थ है
ख) व्यायाम करता तो वह स्वस्थ रहता
ग) व्यायाम से ही वह स्वस्थ है

प्रश्न 10: " भगवान करे सब सकुशल लौटें।"- अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए –

क) विधानवाचक
ख) आज्ञावाचक
ग) इच्छावाचक

प्रश्न 11: वह काम करता तो भूखा न मरता । - अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए -

क) संदेहवाचक
ख) संकेतवाचक
ग) आज्ञावाचक

प्रश्न 12: अग्रलिखित वाक्य का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए - गांधी जी का नाम किसने नहीं सुना ?(विधान वाचक)

क) गांधीजी का नाम किसी ने सुना है।
ख) गांधीजी का नाम मैंने नहीं सुना।
ग) गांधीजी का नाम सबने सुना है।

प्रश्न 13: कपिलवस्तु जाना अब संभव नहीं है। (प्रश्न वाचक वाक्य बनाइए।)

क) क्या कपिलवस्तु जाना अब संभव नहीं है।
ख) क्या कपिल वस्तु जाना अब संभव है?
ग) कपिलवस्तु जाना अब संभव क्यों नहीं है?

प्रश्न 14: आज्ञा वाचक वाक्य के उदाहरण हैं –

क) अपना काम करो, सदा सुखी रहो।
ख) कृपया बाहर बैठिए, इच्छित फल प्राप्त करिए ।

ग) चुप रहो, बीच में मत बोलो।

प्रश्न 15: विस्मयादिबोधक वाक्य में किस प्रकार का भाव प्रकट होता है?

क) विस्मय
ख) भय
ग) उपर्युक्त सभी

प्रश्न -16: हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है । (इच्छा वाचक वाक्य में बदलिए)

क) काश, हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति होती।
ख) हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति होगी।
ग) शायद हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति हो।

प्रश्न -17: झूरी बैलों को मारता पीटता था। (निषेध वाचक वाक्य बनाइए)

क) झूरी बैलों को मारता नहीं था।
ख) झूरी बैलों को मारता पीटता नहीं था
ग) नहीं, झूरी बैलों को मारता पीटता था।

प्रश्न -18: यदि किसान समय पर फसल बोता तो अच्छी उपज मिलती। (विधान वाचक वाक्य में बदलिए)

क) अच्छी उपज किसान को समय पर बोने से मिलती।
ख) किसान को समय पर बोने से अच्छी उपज मिलती।
ग) किसान को समय पर फसल बोने से अच्छी उपज मिलती।

प्रश्न-19: उसने कोई उपाय नहीं छोड़ा। (विधान वाचक वाक्य में बदलिए)

क) उसने हर एक उपाय किया।
ख) उसने उपाय किया।
ग) उसने उपाय नहीं छोड़ा।

प्रश्न-20: तुम सब घर क्यों नहीं गए?(आज्ञा वाचक वाक्य बनाइए)

क) तुम घर जाओ।
ख) तुम सब घर जाओ।
ग) घर जाओ।